दैनिक भास्कर 25/08/2023

जीएमएन कॉलेज में बीसीए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स

अम्बाला| जीएमएन कॉलेज में बीसीए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कोर्स शुरू किया गया है। कंप्यूटर एप्लीकेशन के विभागाध्यक्ष डॉ. श्याम रहेजा ने बताया कि हरियाणा में केवल उनके कॉलेज को केयूके की तरफ से ये कोर्स शुरू करने की मंजूरी मिली है। यह किसी अन्य किसी कॉलेज में नहीं है। इसमें 60 सीटों पर विद्यार्थी पहले शिक्षा सत्र में हिस्सा ले सकेंगे। इनमें से 20 विद्यार्थी दाखिला ले चुके हैं और बाकी 40 सीटों में दाखिला प्रक्रिया चल रही है। इसकी क्लासेज भी शुरू हो गई हैं। ये कोर्स 6 सेमेस्टर का होगा। छात्र डाटा वैज्ञानिक, डाटा विश्लेषक, डाटा इंजीनियर या डाटा डेवलपर के रूप में काम कर सकते हैं। डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस के सहायक प्रोफेसर डॉ. सुरजीत सिंह ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक तकनीकी क्षेत्र है, जिसमें मशीनों को मानव बुद्धि की तरह काम करने की क्षमता प्रदान की जाती है।